रविवासरीय
हिन्दुस्तान
तरक्की को चाहिए नया नजरिया
रविवार, 03 अक्तूबर 2021, बरेली, पांच प्रदेश, 21 संस्करण
PAGE NO : 08 TOP

800 विद्यार्थियों को दी 3 करोड़ की छात्रवृत्ति

बरेली | प्रमुख संवाददाता

श्री राममूर्ति स्मारक ट्रस्ट के बरेली, उन्नाव और लखनऊ स्थित सभी महाविद्यालयों में राष्ट्रपिता एवं लाल बहादुर शास्त्री का जन्म दिवस मनाया गया व राष्ट्रीय ध्वज फहराया गया।

कार्यक्रम का शुभारंभ चेयरमैन देव मूर्ति ने अपने पिता राममूर्ति के चित्र पर श्रद्धा सुमन अर्पित कर किया। समारोह में कुशल नीतिकार जयंत कृष्णा, सितार वादक उस्ताद शाकिर खां, महापौर डॉ. उमेश गौतम, जिला पंचायत अध्यक्ष रश्मि पटेल, पूर्व महापौर सुभाष पटेल भी शामिल हुए। इसमें जयंत कृष्णा, उस्ताद शाकिर खां (प्रसिद्ध सितार वादक) को सम्मानित किया। कहानी प्रतियोगिता देहरादून के त्रिज किशोर को कहानी 'कर भला तो हो भला' को प्रथम पुरस्कार दिया गया। सारस्वत को कहानी शीर्षक 'ईमान का उत्सव' और तीसरे स्थान पर निशांत कुमार को कहानी 'सफलता की कुंजी' को चुना गया। 32वीं वाद-विवाद प्रतियोगिता के विजेताओं को स्मृति चिन्ह प्रदान किए गये। 'सम्पूर्ण लॉकडाउन का भारतीय अर्थव्यवस्था पर नकारात्मक प्रभाव' विषय पर आधारित कनिष्ठ वर्ग की वाद-विवाद प्रतियोगिता की चल वैजयंती इस वर्ष राधा माधव पब्लिक स्कूल बरेली को प्रदान की गई।

श्वेता राठौर (पक्ष) और प्रियांशी (विपक्ष) ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। वहीं कृषि संशोधन बिल किसानों के लिए हितकारी है, विषय आधारित वरिष्ठ वर्ग वाद-विवाद प्रतियोगिता में शारिक शबाब जैदी (पक्ष) और यथार्थ आनंद (विपक्ष) ने प्रथम स्थान प्राप्त की। ट्रस्टी ऋचा मूर्ति, ट्रस्ट सचिव आदित्य मूर्ति, चीफ प्राक्टर बरेली कालेज वंदना शर्मा, प्राचार्य डॉ. अनुराग मोहन, पूर्व प्राचार्य डॉ. अजय शर्मा, ट्रस्ट एडवाइजर सुभाष मेहरा मौजूद थे।

180 रुपये में पीपीई किट बनाई

देवमूर्ति ने बताया कि जो पीपीई किट बाजारों में 1200 रुपयों में बेची जा रही थी उससे बेहतर पीपीई किट संस्थान में ही बनाई गई जो कि 180 रुपये की थी। इस दौरान ट्रस्ट के सभी महाविद्यालयों के 800 से अधिक छात्र/छात्राओं को तीन करोड़ की छात्रवृत्ति प्रदान की गई।

स्व राममूर्ति की तैतीसवीं पुण्यतिथि पर 800 से अधिक छात्र-छात्राओं को श्री राम मूर्ति स्मारक ट्रस्ट द्वारा लगभग तीन करोड़ की छात्रवृत्ति का वितरण हुआ।

इनको मिले अवार्ड

एसआरएमएस कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग उन्नाव की वर्तिका मिश्रा, अंकिता श्रीवास्तव और मुस्कान को 20-20 हजार की स्कालरशिप मिली। बीएससी नर्सिंग 2017 बैच की सुजाता को 86 हजार, 18 बैच की किरनदीप, शिल्पी गंगवार और सिमरजीत को 30-30 हजार, एसआरएमएस पैरामेडिकल कॉलेज की बीएससी ओटीटी में 86 हजार रुपये की स्कॉलरशिप मिली। सेकेंड ईयर बीटेक 2019 की शुभी सक्सेना को 86 हजार रुपये की स्कॉलरशिप मिली। बीफार्मा अंजली इंडियन और प्रांजली इंडियन को 91-91 हजार रुपये मिले। एमबीबीएस की अवंतिका को 1.25 लाख, एमबीबीएस बैच की 2017 की अनुष्का, अनुभा और सिद्धार्थ को 2-2 लाख, एमबीबीएस बैच की निकिता, साक्षी, तनिष्का, कृतिका और अपूर्वा को 2-2 लाख, 19 बैच की वर्षा शर्मा को 1.25 लाख और आयुषी खुराना को 1 लाख की स्कॉलरशिप मिली।